**भारत सरकार**

**शिक्षा मंत्रालय**

**स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या-3250**

**उत्तर देने की तारीख-16/12/2024**

**प्राथमिक विद्‌यालयों में शिक्षकों की रिक्तियां**

**†3250. श्री वरूण चौधरी:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) प्राथमिक विद्‌यालयों में शिक्षकों के स्वीकृत पदों का ब्यौरा क्या है तथा ऐसे विद्‌यालयों में रिक्त पदों की संख्या कितनी है; और

(ख) सरकार द्‌वारा रिक्त पदों को भरने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं; और

(ग) सरकार द्‌वारा स्वीकृत पदों को भरने के लिए क्या समय-सीमा निर्धारित की गई है?

**उत्तर**

**शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(श्री जयन्त चौधरी)**

(क) से (ग): शिक्षा संविधान की समवर्ती सूची का विषय होने के कारण, देश के अधिकांश स्कूल राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के प्रशासनिक नियंत्रण में आते हैं। भर्ती, सेवा शर्तें और शिक्षकों की तर्कसंगत तैनाती से संबंधित अधिकार क्षेत्र राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों के दायरे में आते है। इसके अलावा, भर्ती एक सतत प्रक्रिया है और रिक्तियां कई कारकों जैसे सेवानिवृत्ति, त्याग-पत्र, बढ़ी हुई छात्र संख्या के परिणामस्वरूप शिक्षकों की बढ़ती आवश्यकता आदि के कारण उत्पन्न होती हैं। राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों प्रशासनों द्‌वारा दी गई जानकारी के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 के लिए, देश भर में स्कूल शिक्षा के प्रारंभिक स्तर पर शिक्षकों के कुल 45,46,395 स्वीकृत पद हैं।

केंद्र सरकार, केंद्र प्रायोजित योजना, समग्र शिक्षा के माध्यम से, समय-समय पर संशोधित बच्चों को नि:शुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा के अधिकार (आरटीई) अधिनियम, 2009 में निर्धारित मानदंडों के अनुसार स्कूल शिक्षा के विभिन्न स्तरों के लिए उचित छात्र-शिक्षक अनुपात (पीटीआर) बनाए रखने के लिए राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करती है। राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रो द्‌वारा आयोजित प्रतियोगी चयन परीक्षा के माध्यम से शिक्षक की रिक्तियों को भरने के संबंध में प्रगति, स्थिरता और शुचिता के लिए उचित देखभाल के साथ और प्रौद्‌योगिकी आधारित व्यापक शिक्षक आवश्यकता नियोजन और पूर्वानुमान कार्य के बाद, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के साथ स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग द्‌वारा समय-समय पर समीक्षा की जाती है।

*****